भर भर प्याला पीले मैया के नाम का,

भर भर प्याला पीले मैया के नाम का,
सब रंग फीके है दुनिया के भक्ति रस है काम का,
भर भर प्याला........

हर दिन हर पल पीता जा तू बे फिक्र हो जीता जा तू,
उतरे न फिर तुम्हारी मन में वसा ले मूरत प्यारी,
देदे माँ के हाथ में डोरी सोचना फिर क्या अजाम का,
भर भर प्याला पीले मैया के नाम का,

अंतर मन में जोत जगा ले,मन चित होक ध्यान लगा ले,
दुःख के बादल हट जाए गये मुश्किल रस्ते कट जाये गे,
करले बन्दे बन्दगी अब तू वक़्त नही आराम का,
भर भर प्याला पीले मैया के नाम का,

भूल गया वो अपनी हस्ती चढ़ गई जिसको नाम की मस्ती,
ना कोई अपना ना कोई पराया दूर हो गई अब मोह माया,
अरे बंस निमाना सोनो भोला को होश नही शुबह शाम का,
भर भर प्याला पीले मैया के नाम का,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3677/title/bhar-bhar-pyala-pee-lee-maiya-ke-naam-kaa-sab-rang-phike-hai-duniya-ke-bhakat-ras-hai-kam-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |